# वाइटल स्टैट्स

## बिहार की 18वीं विधानसभा का प्रोफाइल

बिहार की 18वीं विधानसभा के चुनाव परिणाम 14 नवंबर, 2025 को घोषित किए गए। इस विधानसभा में 243 निर्वाचित सीटें हैं। इस नोट में विधानसभा के नवनिर्वाचित सदस्यों (विधायकों) के प्रोफाइल का विश्लेषण किया गया है और उनकी तुलना पिछली विधानसभाओं के प्रोफाइल से की गई है।

**एनडीए को 202 सीट मिली; भाजपा की हिस्सेदारी सबसे अधिक है, उसके बाद जदयू का स्थान**

| राजनैतिक दल | 2020 | 2025 |
|---|---|---|
| भारतीय जनता पार्टी | 74 | 89 |
| जनता दल (युनाइटेड) | 43 | 85 |
| राष्ट्रीय जनता दल | 75 | 25 |
| लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास)* | 1 | 19 |
| भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस | 19 | 6 |
| ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन | 5 | 5 |
| हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा (सेक्युलर) | 4 | 5 |
| राष्ट्रीय लोक मोर्चा | 0 | 4 |
| भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी-लेनिनवादी) (लिबरेशन) | 12 | 2 |
| भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) | 2 | 1 |
| बहुजन समाज पार्टी | 1 | 1 |
| इंडियन इंक्लूसिव पार्टी | 0 | 1 |
| विकासशील इनसान पार्टी | 4 | 0 |
| भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी | 2 | 0 |
| स्वतंत्र | 1 | 0 |
| **कुल** | **243** | **243** |


नोट: *2020 में लोक जनशक्ति पार्टी

**रुचिरा साकल्ले**
ruchira@prsindia.org


15 नवंबर, 2025

## नवनिर्वाचित विधानसभा में 12% महिलाएं हैं; दोबारा चुनाव लड़ रहे 58% विधायक जीते

**2025 में 29 महिलाएं जीतीं, 2020 से अधिक (26)**




**दोबारा चुनाव लड़ रहे 192 विधायकों में से 111 जीते**





नोट: इस रेखाचित्र में वे विधायक शामिल हैं जो उपचुनाव जीतकर विधानसभा सदस्य बने थे।


- पिछली विधानसभा में शामिल 250 विधायकों (उपचुनाव जीतने वालों सहित) में से 192 ने 2025 में चुनाव लड़ा। इनमें से 111 विधायक जीते (58%)।
- 17वीं विधानसभा के कार्यकाल के दौरान 68 एमएलए या एमएलसी ने मंत्री के रूप में कार्य किया। इनमें से 49 ने 2025 में चुनाव लड़ा। इनमें से 47 विधानसभा के सदस्य थे और दो विधान परिषद के सदस्य थे। इन 49 में से 39 उम्मीदवार जीते।

## बड़ी उम्र के विधायकों का अनुपात बढ़ रहा है; 40% विधायकों के पास कॉलेज की डिग्री नहीं है

**55 वर्ष या उससे अधिक आयु के विधायकों का अनुपात 2015 में 34% से बढ़कर 2020 में 40%, 2025 में 46%**





**2025 में 2020 की तुलना में अधिक विधायकों के पास स्नातकोत्तर योग्यता**




- निर्वाचित 29 महिलाओं में से 13 की आयु 25 से 39 वर्ष के बीच है, और नौ की आयु 40 से 54 वर्ष के बीच है।
- 18वीं विधानसभा के लिए निर्वाचित लगभग आधी महिलाओं (15 विधायक) के पास कॉलेज की डिग्री नहीं है।

**अधिकतर राजनीति/सामाजिक कार्य और कृषि क्षेत्र विधायकों के सबसे आम पेशे**




नोट: यहां दी गई वैल्यूज़ का योग 100% नहीं हो सकता, क्योंकि कई विधायकों ने एक से अधिक पेशों का उल्लेख किया है।

- लगभग 1% विधायकों ने मेडिसिन या संबद्ध क्षेत्रों को अपना पेश घोषित किया है।

स्रोत: भारत निर्वाचन आयोग (results.eci.gov.in); ईसीआई पर अपलोड किए गए उम्मीदवारों के शपथ पत्र; (https://www.myneta.info); पीआरएस।

**डिस्क्लेमर:** प्रस्तुत रिपोर्ट आपके समक्ष सूचना प्रदान करने के लिए प्रस्तुत की गई है। पीआरएस लेजिसलेटिव रिसर्च (पीआरएस) के नाम उल्लेख के साथ इस रिपोर्ट का पूर्ण रूपेण या आंशिक रूप से गैर व्यावसायिक उद्देश्य के लिए पुनःप्रयोग या पुनर्वितरण किया जा सकता है। रिपोर्ट में प्रस्तुत विचार के लिए अंततः लेखक या लेखिका उत्तरदायी हैं। यद्यपि पीआरएस विश्वसनीय और व्यापक सूचना का प्रयोग करने का हर संभव प्रयास करता है किंतु पीआरएस दावा नहीं करता कि प्रस्तुत रिपोर्ट की सामग्री सही या पूर्ण है। पीआरएस एक स्वतंत्र, अलाभकारी समूह है। रिपोर्ट को इसे प्राप्त करने वाले व्यक्तियों के उद्देश्यों अथवा विचारों से निरपेक्ष होकर तैयार किया गया है। यह रिपोर्ट मूल रूप से अंग्रेजी में तैयार की गई है। हिंदी रूपांतरण में किसी भी प्रकार की अस्पष्टता की स्थिति में अंग्रेजी की मूल रिपोर्ट से इसकी पुष्टि की जा सकती है।